दिन– सोमवार

दिनांक– 17/03/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।

अवधिः– 05 मिनट

---

विधानसभा में आज की कार्यवाही शुरू होते ही राष्ट्रीय जनता दल के सदस्यों ने राज्य में विधि व्यवस्था के मुद्दे पर जमकर हंगामा किया। हंगामे के कारण प्रश्न काल की कार्यवाही थोड़ी देर के लिए बाधित रही। प्रश्न काल शुरु होते ही विपक्षी दल राजद के सदस्य सदन के बीच में आ गये। राजद के विधायक राज्य में दो पुलिस कर्मियों की हत्या और कई स्थानों पर पुलिस पर हमले को लेकर सरकार से जवाब मांग रहे थे। इस दौरान विपक्ष के सदस्य हाथों में पोस्टर और बैनर लेकर पहुंचे हुए थे। राष्ट्रीय जनता दल के सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने इस मुद्दे को उठाया। हालांकि अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने इस मुद्दे को उपयुक्त माध्यम से उठाने का आग्रह किया। बाद में अध्यक्ष के समझाने के बाद राष्ट्रीय जनता दल के सदस्य अपनी अपनी सीट पर लौट आये। विधान मंडल के बजट सत्र में होली के अवकाश के बाद आज दोनों सदनों की कार्यवाही चल रही है।

---

उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने आज कहा कि राज्य में उद्योग और निवेश के लिए नया वातावरण तैयार किया जा रहा हैं। इसके लिए नयी औद्योगिक प्रोत्साहन नीति और उद्योगों से संबंधित कई नीतियां लाई जा रही हैं। विधानसभा में अलग–अलग पूरक प्रश्नों के उत्तर में उद्योग मंत्री ने कहा कि दो हजार पच्चीस–छब्बीस के बिहार बजट में खाद्य प्रसंस्करण नीति और बायो फ्यूल नीति लाने की घोषणा हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि सभी जिलों में उद्योग धंधों का विकास हो। श्री मिश्रा ने कहा कि जिन जिलों में उद्योग लगाने के लिए जमीन नहीं है वहां लैंड बैंक बनाया जा रहा है। श्री मिश्रा ने सदन को बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की हाल में प्रगति यात्रा के दौरान कई जिलों में इंडस्ट्रीयल एरिया स्थापित करने की घोषणा को अमल में लाने के लिए बत्तीस सौ एकड़ भूमि क्षेत्र चिन्हित की गयी है।

---

वक्फ संशोधन विधेयक पर संसद की संयुक्त समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने कहा है कि यह विधेयक गरीब मुसलमानों के पक्ष में है। श्री पाल ने इस विधेयक पर ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के विरोध को खारिज करते हुए कहा कि वक्फ बोर्ड की बेहतरी के लिए संशोधन किए गए हैं। श्री पाल ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से कहा कि सदन में चार सौ अट्ठाईस पृष्ठों की रिपोर्ट पेश की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने मुस्लिम संगठनों और अन्य हितधारकों के साथ परामर्श करने के लिए विधेयक को एक संयुक्त संसदीय समिति को भेजा है ताकि एक निष्पक्ष और संतुलित कानून बनाया जा सके।

————————————————————————

राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकतर भागों में तेज धूप के कारण दिन के तापमान में वृद्धि दर्ज की जा रही है। इस दौरान विभिन्न जिलों में अधिकतम तापमान चौंतीस से छत्तीस डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान मधुबनी, भागलपुर, गया, औरंगाबाद समेत विभिन्न स्थानों पर हल्की वर्षा दर्ज की गई। मधुबनी में सबसे अधिक उन्नीस दशमलव पाँच मिलीमीटर वर्षा हुई है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पूर्वी भागों के कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। जबकि अन्य स्थानों पर मौसम शुष्क रहेगा और तापमान में औसत एक से दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि का क्रम जारी रहने का पूर्वानुमान है।

————————————————————————

मुंगेर पुलिस ने जिले के खड़गपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत फसियाबाद गांव में पुलिस टीम पर पथराव के मामले में चौबीस लोगों को गिरफ्तार किया है। इस घटना में डायल एक सौ बारह के दो पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।

————————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत त्रिवेणी नगर में नदी में नहाने के दौरान एक किशोर की डुब कर मौत हो गई।

---

पूर्णियां प्रक्षेत्र के डीआईजी ने अपराध नियंत्रण के लिए क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों और कर्मियों के साथ अररिया में बैठक की।

---

शिवहर के पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार सिन्हा ने पंचायत स्तर पर जनता दरबार के आयोजन की तिथि को लेकर विस्तृत कार्यक्रम जारी किया है। जनता दरबार के दौरान पुलिस अधिकारी उपस्थित होकर लोगों की समस्याओं को हल करेंगे।

---

कैमूर जिले का स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया जा रहा है। इसके तहत आज से तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत हुई। जिलाधिकारी सावन कुमार और पुलिस अधीक्षक हरिमोहन शुक्ला ने लिच्छवी भवन में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

---

समाप्त